दैनिक भास्कर चुरू 05-04-2022

आईस्टार्ट राजस्थान योजना में तैयार किए जाएंगे भविष्य के उद्यमी, ऑनलाइन आवेदन 11 तक

भास्कर संवाददाता | चूरू

कॉलेज विद्यार्थियों में स्टार्टअप को आगे बढ़ाने और उनके मार्गदर्शन के लिए आई-स्टार्ट योजना के तहत युवाओं को उद्योग लगाने व रोजगार के साधन मुहैया कराने के लिए 11 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन मांगे है। प्राचार्य दिलीप सिंह पूनियां ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इन्क्यूबेशन सेल के तहत कॉलेज में विद्यार्थियों एवं अन्य युवाओं के लिए स्वयं का व्यवसाय शुरू करने हेतु स्टार्टअप राजस्थान योजना के अन्तर्गत स्टार्टअप योजना बनाई है। बजट में स्टार्टअप डेवलपमेंट के लिए सरकार ने 75 करोड़ का 'राजीव-75' फंड की स्थापना करने की घोषणा की है।

नोडल अधिकारी डॉ. एमएम शेख ने बताया कि मुख्य रूप से 7 क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता, वेस्ट डिस्पोजल, सड़क सुरक्षा व कोविड सुरक्षा से सम्बन्धित प्रस्ताव आई-स्टार्ट राजस्थान की वेबसाइट से जमा करा सकते हैं। विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार करके बिजनेस आइडिया को क्रियान्वित कर सकते हैं।

लोहिया कॉलेज में 50 लाख से बन रही कंप्यूटर लैब व सेमिनार हाल : लोहिया कॉलेज में भी करीब 50 लाख रुपए की लागत से आधुनिक कम्प्यूटर लेब, सेमीनार हॉल आदि को तैयार किया जा रहा है। योजना के तहत स्टार्टअप विकसित करने के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। योजना के माध्यम से राज्य में शैक्षणिक क्षेत्रों के नौ संभाग में इन्कयूबेशन सेंटर और स्पोक मॉडल के रूप में टेक्नो हब में स्टूडेंट्स उद्यमिता को नया आयाम देने के लिए ट्रेनिंग लेंगे, जिससे नए आइडिया सामने आएंगे और नवाचार को बढ़ावा मिल सकेगा।

यूपीएससी सीएसई : आज से चयनितों के इंटरव्यू

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन मेंस में चयनित उम्मीदवारों के इंटरव्यू आज से शुरू हो जाएंगे। इसका शेड्यूल वेबसाइट पर पहले ही जारी कर दिया है। इंटरव्यू के लिए ई-समन लैटर वेबसाइट पर जारी किए जा चुके हैं। इंटरव्यू दो सेशन में होंगे। पहला सेशन सुबह नौ और दूसरा सेशन दोपहर एक बजे से शुरू होगा। प्रतिबंधित वस्तुओं को इंटरव्यू कक्ष में ले जाने पर पाबंदी रहेगी। किसी भी प्रकार का कीमती समान साथ में लेकर आने पर पूरी जिम्मेदारी उम्मीदवारों की होगी। इंटरव्यू के बाद फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।